अर्द्ध0शा0 परिपत्र संख्याःडीजी-69/2013

देवराज नागर,
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश,
1-तिलक मार्ग, लखनऊ
दिनांकःलखनऊःदिसम्बर 13 ,2013

**विषय- पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्तों को छुड़ा ले जाने एवं पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु के सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत परिपत्रों का अनुपालन एवं इस हेतु कार्यशाला का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

-----

प्रिय महोदय,

आप अवगत हैं कि अभी हाल ही में जनपद आगरा में पुलिस अभिरक्षा से 02 अभियुक्तों को चलती ट्रेन के अन्दर फायरिंग कर अभियुक्तों को छुडाकर उनके साथियों द्वारा भगाकर ले जाने की घटना घटित हुई है, पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्तों को छुड़ा ले जाना एवं पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु दोनों ही अतिसंवेदनशील घटनायें हैं। ऐसी घटनाओं से जहाँ एक ओर पुलिस की छवि घूमिल होती है, वहीं दूसरी तरफ आम जनता में पुलिस के प्रति अविश्वास की भावना जाग्रत होती है। इस प्रकार की घटनायें पुलिस विभाग के लिए बहुत ही चिंता का विषय है। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर मुख्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में पार्श्वांकित परिपत्र पूर्व में निर्गत किये गये हैं एवं विभिन्न बैठकों में भी आवश्यक निर्देश दिये जाते रहे हैं।

डीजी परिपत्र संख्या-18/2013 दि0 04.05.2013
एडीजी परिपत्र संख्या-05/ 2013 दि0 04.06.2013
डीजी परिपत्र संख्या-39/2013 दि0 20.07.2013
डीजी परिपत्र संख्या-48/2013 दि019.08.2009

2. इस सम्बन्ध मे समय-समय पर परिपत्र निर्गत किये गये हैं, जिनका अभी भी पूर्णरूप से अनुपालन नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। इस सम्बन्ध में पूर्व में विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये है, जिन्हें आप पुनः स्वयं अवलोकन करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ एक कार्यशाला आयोजित कर पूर्व में इस मुख्यालय द्वारा निर्गत परिपत्रों में दिये गये दिशा-निर्देशों के सम्बन्ध में उन्हें भली-भाँति अवगत करायें एवं इस हेतु समय-समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन भी करते रहें ताकि इस प्रकार की घटनाओ पर अंकुश लग सके।

3. मैं चाहूँगा कि अपने अधीनस्थों के साथ उपरोक्त घटनाओं की रोकथाम हेतु एक कार्ययोजना बनाकर 15 दिवस का एक अभियान चलायें तथा अभियान के परिणाम से इस मुख्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

4. जोनल पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस उपमहानिरीक्षकों से भी अपेक्षा है कि उपरोक्त सम्बन्ध में अपने अधीनस्थ जनपदों के प्रभारियों द्वारा चलाये गये अभियान का पर्यवेक्षण भी करें।

भवदीय,

13.12.13
(देवराज नागर)

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक(नाम से),
प्रभारी जनपद,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1.पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उ0प्र0 लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक, सी0बी0सी0आई0डी0, उ0प्र0 लखनऊ।
3.अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं,उ0प्र0 लखनऊ।
4.पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उ0प्र0।
5.पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उ0प्र0।